

नवभारत 09
इंदौर, शुक्रवार, 01 मई 2026

एक नजर में

## क्षीरधारा योजना के अन्तर्गत लगा पशु स्वास्थ्य शिविर, लोगों को दी सलाह



**पानसेमल।** पशुपालन विभाग द्वारा क्षीरधारा ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम चिखल्दा में पशुओं के लिए नि:शुल्क बांझपन उपचार निवारण, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत स्वसहायता समूह की दीदियों को पशु स्वास्थ्य, पोषण एवं नस्ल सुधार से संबंधित संपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही पशुपालकों के पशुओं का नि:शुल्क उपचार, बधियाकरण, टैगिंग एवं औषधी वितरण किया। समस्त पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। क्षीरधारा ग्राम शिविर में पशु चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर इंदरसिंह दोहरे, स्टॉफ, उद्यानिकी विभाग, कृषि विभाग एवं ग्राम के सरपंच सहित पशु पालक उपस्थित रहे।

## मां नर्मदा के प्रति आस्था और प्रेम की अनूठी मिसाल



**बड़वानी।** प्रदेश की जीवनदायिनी मां नर्मदा के प्रति करोड़ों लोगों की आस्था है। इस दौरान एक भक्त ने मां नर्मदा के प्रति अनूठी मिसाल पेश की। दरअसल मां नर्मदा भक्त अजय सिंह ठाकुर की माता सुमन बाई पति स्व मनोहर सिंह ठाकुर का गत दिनों महाराष्ट्र के शिरपुर क्षेत्र में हो गया था। वहां उनका अंतिम संस्कार के बाद गुरुवार को बड़वानी के समीप मां नर्मदा जागीरदारपुरा घाट पर अस्थियों को विधी-विधान से मां नर्मदा के जल में प्रवाहित की। बता दे कि अजय सिंह ठाकुर मां नर्मदा के परम भक्त हैं और मां नर्मदा जागीरदारपुरा घाट समिति अध्यक्ष भी हैं। मां नर्मदा तट पर अस्थि विसर्जन के दौरान विधायक राजन मंडलोई, बलराम यादव आसिफ मेमन, भायसु सोलंकी ठाकुर महेंद्र सिंह सोलंकी, ठाकुर देवेंद्र सिंह सोलंकी, ठाकुर कनक सिंह दरबार सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित और नर्मदा भक्त मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार स्व सुमन बाई का दसवा एवं ग्यारहवां 8 मई को सुबह 10 बजे निज निवास पर होगा। वहीं बारहवां कार्यक्रम 9 मई को, तेरहवां व पगड़ी कार्यक्रम 10 मई को सुबह 11 बजे तथा सुबह 11.30 बजे तीर्थ भोजन और ब्राह्मण भोजन कराया जाएगा। उक्त कार्यक्रम शहर के समीप मां नर्मदा जागीरदारपुरा नवीन घाट पर आयोजित किए जाएंगे।

## सोनी पल पर संकट मोचन हनुमान 4 मई से

इंदौर. फ्री-टू-एयर एंटरटेनमेंट चैनल सोनी पल ने गर्व और उत्साह के साथ संकट मोचन हनुमान के प्रसारण की घोषणा की ह. यह एक कालजयी पौराणिक धारावाहिक है, जो पीढ़ियों से लोगों को प्रेरित करता रहा है। सोनी पल पर इसके शुरू होने के साथ दर्शकों को भगवान हनुमान की साहसिक यात्रा को एक बार फिर नए अंदाज में देखने का अवसर मिलेगा. इस महाकाव्य के केंद्र में भक्ति, शक्ति और साहस के सच्चे सुपरहीरो भगवान हनुमान हैं. उनकी जीवन यात्रा वीरता और अटूट निष्ठा से भरी है, जो हर पीढ़ी के दर्शकों को गहराई से जोड़ती है और उन्हें आस्था, धर्म व निस्वार्थ सेवा जैसे शाश्वत मूल्यों की याद दिलाती है. यह कहानी भगवान हनुमान की उस अद्भुत यात्रा को दिखाती है, जहाँ वे निडर रक्षक के रूप में सामने आते हैं. भगवान राम के प्रति उनकी भक्ति असीम है और बुराई के खिलाफ उनका साहस बेजोड़ है. शानदार दृश्यों और दमदार कहानी के साथ यह सिर्फ एक धारावाहिक नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक अनुभव है, जो दिल और आत्मा को छू जाता है.

## बंधन बैंक के कुल कारोबार में 11% बढ़ोतरी

इंदौर. बंधन बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 के अपने वित्तीय नतीजों की घोषणा की।इस अवधि में बैंक का कुल कारोबार 11% से अधिक बढ़कर 3 .2 लाख करोड़ रुपए से ऊपर पहुंच गया. कुल जमा में रिटेल की हिस्सेदारी अब लगभग 74% हो गई है. वित्त वर्ष 2025-26 में यह वृद्धि बैंक के वितरण नेटवर्क का विस्तार, बेहतर परिचालन क्षमता और उत्कृष्टता की दिशा में लगातार प्रयासों के कारण संभव हुई. इस वित्त वर्ष में बैंक का लाभ 1,224 करोड़ रहा. बैंक के प्रदर्शन पर प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा वित्त वर्ष 2025-26 में बंधन बैंक का प्रदर्शन हमारे फ्रेंचाइज़ की मजबूती दर्शाता है, जो अनुशासित कार्यप्रणाली और विविध होती व्यवसाय मॉडल पर आधारित है. हम ग्राहक को केंद्र में रखकर और डिजिटल तरीकों को अपनाकर आगे बढ़ते रहेंगे. इसके लिए हम अपने वितरण के साधनों को मजबूत करेंगे, नए-नए उत्पाद जोड़ेंगे.

## इंदौर में स्टेम सेल बैंकिंग को लेकर बढ़ी जागरूकता

इंदौर. पिछले कुछ वर्षों में मेडिकल साइंस ने काफी तरक्की की है और स्टेम सेल तकनीक को इसकी अहम उपलब्धियों में से एक माना जाता है. स्टेम सेल बैंकिंग को समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि ये कोशिकाएं खास क्यों होती हैं. इंदौर में क्रायोविवा लाइफ साइंसेज़ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में डॉ. कनकप्रिया तिवारी ने कहा प्रेग्नेंसी हर परिवार के लिए बहुत खास समय होता है. इस दौरान सही जानकारी के साथ सही फैसले लेना जरूरी है. यह सिर्फ डिलीवरी की तैयारी नहीं, बल्कि बच्चे के भविष्य के लिए अहम निर्णय लेने का समय भी होता है. ऐसे में स्टेम सेल बैंकिंग का महत्व बढ़ रहा है. स्टेम सेल्स खास इसलिए होते हैं क्योंकि इनमें दो मुख्य खूबियां होती हैं. पहली, ये खुद की नई कोशिकाएं बना सकते हैं . दूसरी, ये शरीर में अलग-अलग तरह की कोशिकाओं में बदल सकते हैं और जरूरी काम कर सकते हैं. क्रायोविवा लाइफ साइंसेज़ की मेडिकल स्पोक्सपर्सन डॉ. गीतिका जस्सल ने कहा स्टेम सेल्स को सुरक्षित रखना भविष्य के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है. जैसे-जैसे रिसर्च बढ़ रही है, इसके नए उपयोग सामने आ रहे हैं. अब ज्यादा लोग इसके फायदे समझ रहे हैं.

## शिला स्थापना समारोह सम्पन्न

इंदौर. श्री युग प्रधान शांतिनाथ श्वेताम्बर जैन मूर्तिपूजक ट्रस्ट के तत्वावधान में एक भव्य जिनालय निर्माण की शुरुआत शिला स्थापना समारोह के साथ उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई. कार्यक्रम में 800 से अधिक श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही. समारोह में गुरु भगवंतों के मंगल प्रवचन, बहुमान एवं धार्मिक विधियों के साथ आयोजन को भव्य रूप प्रदान किया गया. गाँधी नगर स्थित नरसीमुंजी कॉलेज के पास से आचार्य प्रियदर्शन विजय, योगरुचि विजय एवं नंदीरुचि विजय महाराज साहब की निश्रा में भव्य वरघोड़ा प्रारंभ हुआ, जो निर्धारित मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल तक पहुँचा. पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था. ट्रस्ट अध्यक्ष श्री जयंती श्रीश्रीमाल के अनुसार 16वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ निर्माणाधीन जिनालय एवं आराधना भवन पारंपरिक स्थापत्य कला का सुंदर संगम होगा. मंदिर परिसर में गर्भगृह, उपाश्रय, आयंबिल खाता, भोजनशाला तथा पाठशाला का निर्माण किया जाएगा, जिससे यह स्थान आसपास के क्षेत्रों के जैन समाज के लिए प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र बनेगा.

# युवक की पीट-पीटकर हत्या के बाद बवाल, गांव में तनाव



**सेंधवा, ( नवभारत )।** अंचल के पिपल्याडेब गांव में बारात विवाद के बाद युवक की पीट-पीटकर कर दी गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों के घरों में आग लगा दी और फायर ब्रिगेड पर पथराव किया। गांव में तनाव के बीच पुलिस ने स्थिति संभाली है।

### नाचने की बात को लेकर हुआ विवाद

सेंधवा अंचल के ग्राम पिपल्याडेब में बुधवार को बारात ग्राम सोलवन गई थी, जहां नाचने की बात को लेकर युवाओं के बीच विवाद शुरू हुआ। विवाद बढ़ने के बाद बारात लौटते समय मनोज अपने साथियों के साथ वापस आ रहा था। रास्ते में गांव के ही मीठा, धरम, गुडा और उनके साथियों ने उसे रोक लिया। मनोज के दो साथी मौके से भाग निकले, जबकि आरोपियों ने उसे अपने साथ ले जाकर पूरी रात मारपीट की।

### मौत के बाद उपद्रव और आगजनी

घटना की जानकारी फैलते ही गांव में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। हत्या से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने पिपल्याडेब के डावर फलिया पहुंचकर आरोपियों के घरों को निशाना बनाया। इस दौरान 4 से 5 मकानों में तोड़फोड़ कर आग लगा दी गई, जिससे पशु चारा और घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। आग बुझाने पहुंचे नगर पालिका के दो फायर वाहनों पर भी भीड़ ने पथराव किया, जिससे दमकल के कांच टूट गए।

### गुरुवार सुबह मिला शव

आरोप है कि बाद में मनोज को कोलखेड़ा फाटे के पास फेंक दिया गया। गुरुवार सुबह ग्रामीणों को उसका शव मिला, जिसे अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।





### पुलिस कार्रवाई और स्थिति नियंत्रण

तनाव के बीच ग्रामीण थाना प्रभारी ओपी चोंगडे और चाचरिया चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना की गई हैं। ग्रामीण थाना प्रभारी ओपी चोंगडे ने बताया कि बारात में नाचने की बात पर विवाद हुआ था। बाद में मारपीट के दौरान मन्ना उर्फ मनोज की मौत हो गई। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार गश्त की जा रही है।

# समर कैम्प आयोजन को लेकर बैठक



**बड़वानी, ( नवभारत )।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एसपी पद्मविलोचन शुक्ल की अध्यक्षता में पुलिस सभागृह में ग्रीष्मकालीन समर कैम्प के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले के समस्त संबंधित खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 5 मई से 5 जून तक किया जाएगा।

जिला मुख्यालय पर चार खेलों तथा प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर दो-दो खेलों के प्रशिक्षण कैम्प आयोजित किए जाएंगे। शिविर में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागियों के लिए पंजीयन अनिवार्य रहेगा, जिसके लिए माय भारत पोर्टल से ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा।

एसपी शुक्ल ने जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं खेल प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि समर कैम्प का संचालन सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिविर के दौरान शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, मोबाईल के सुरक्षित उपयोग एवं साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता संबंधी गतिविधियों को भी शामिल किया जाए। बैठक में एएसपी धीरज बब्बर, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अधिकारी संतरा निनामा, रक्षित निरीक्षक चेतन बघेल, सूबेदार भी उपस्थित रहे।

# दूषित पानी को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

▶ कांग्रेसी बोले : बन सकती है इंदौर के भागीरथपुरा जैसी स्थिति



**बड़वानी, ( नवभारत )।** शहर में कुछ महीनों से सीवरेज लाइन कार्य से पेयजल व्यवस्था प्रभावित हुई। आए दिन किसी न किसी वार्ड से दूषित पेयजल वितरण की खबरें मिल रही हैं। वार्ड 14 में नलों में गंदा पानी मिलने पर वार्डवासियों ने हंगामा किया। पार्षदों सहित विधायक राजन मंडलोई मौके पर पहुंचे।

कांग्रेसियों द्वारा अधिकारियों को बुलाकर जेसीबी से खुदवाई कराने पर यह पाया कि सिवरेज व पेयजल पाइप-लाइन पास-पास होकर दोनों लाइनों का पाईप लीकेज होने से गंदा पानी पेयजल लाइन में मिल रहा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेसी बाईक रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। जहां नायब तहसीलदार के समक्ष मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम ज्ञापन दिए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने दूषित पेयजल वितरण का मुद्दा उठाते हुए बताया कि नगर पालिका में कई शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जल्द इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो यहां भी भागीरथपुरा जैसी स्थिति बन सकती है। ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल कोटवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष मनेन्द्र रायसिंह पटेल, संतोष जोशी, अब्दुल रहीम तिगाले, जितेंद्र जैन, विधायक प्रतिनिधि सुनील यादव, विष्णु बनडे, विवेक शर्मा, पार्षद मुजीब कुरैशी, हेमंत कुमावत, सचिन शर्मा, कैलाश सोलंकी, सुरेश मुकाती, बलराम यादव, मनीष पुरोहित सहित अन्य मौजूद रहे।

# जनगणना : मकान लिस्टिंग से संबंधित कार्यों की वीसी के माध्यम से ली बैठक

**आलीराजपुर। जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश भोपाल से जनगणना कार्य निदेशक कार्तिकेय गोयल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण( 1 मई से 30 मई ) की समीक्षा गई।**

बैठक में आगामी जनगणना को पूर्णत: डिजिटल मोड में संपादित करने तथा 1 मई से प्रारंभ होने वाले मकान सूचीकरण कार्य के जमीनी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

जनगणना कार्य निदेशक गोयल ने मकान सूचीकरण ब्लॉकों के गठन एवं सीमांकन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र पावती सहित वितरित किए जाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एचएलबी की सीमाएं पूरी तरह स्पष्ट हों तथा केवल त्रुटिपूर्ण मानचित्रों का ही पुन: निर्माण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक ब्लॉक की पहचान शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो। 1-3 मई तक सभी क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार भवन नंबरिंग एवं जनगणना मकान को चिह्नित कर लेआउट मैप का रफ ड्राफ्ट तैयार करना सुनिश्चित करे।



### शहर और गांवों में कचरा गाड़ियों से किया जाए जनगणना को लेकर प्रचार

जनगणना 2027 के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी तथा शहरी क्षेत्रों में कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निरंतर निरीक्षण और कार्य की गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित करे। साथ ही एचएलओ कार्य को 20 मई तक पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि चार्ज अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा करें तथा गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, जिसे पूरी गंभीरता, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित किया जाए।जिले के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर एवं जिला प्रमुख जनगणना अधिकारी नीतू माथुर, जिला जनगणना अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर मनोज गरवाल, एसडीएम निधि मिश्रा, दीपिका पाटीदार, जिला सांख्यिकी अधिकारी तारिणी जौहरी, जनगणना नोडल अधिकारी सिद्धार्थ गोयल सहित अन्य चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे।



# बिना बीमा और बिना हेलमेट वाहन चालकों पर आरटीओ ने की चालानी कार्रवाई

## विशेष अभियान में 20 से अधिक के चालानकर वसूला जुर्माना

**आलीराजपुर।** झाबुआ-अलीराजपुर रोड स्थित आरटीओ कार्यालय के सामने कलेक्टर नीतू माथुर के मार्गदर्शन में आरटीओ अधिकारी कृतिका मोहटा द्वारा बिना बीमित दोपहिया वाहनों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई।

विशेष अभियान के तहत करीब 50 से अधिक मोटरसाइकिलों की जांच की गई, जिनमें से 7 वाहन बिना बीमा के संचालित पाए गए। ऐसे वाहनों को जब्त कर वाहन मालिकों को नया बीमा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। वहीं, 13 ऐसे वाहन चालक भी पाए गए जिनकी मोटरसाइकिलें नई थीं, लेकिन वे बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे। इन सभी पर कुल 3900 रुपए का चालान किया गया।

आरटीओ अधिकारी कृतिका मोहटा के अनुसार इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और दुर्घटना की स्थिति में वाहनों का वैध बीमा सुनिश्चित करना है, ताकि नियमों के अनुसार पीड़ितों को प्रतिकर राशि मिल सके।उन्होंने कहा आगे भी इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे साथ ही उन्होंने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया है।

## हिमालया बेबीकेयर ने लॉन्च की नई डीवीसी

इन्दौर. हिमालया बेबीकेयर ने हिमालया बेबी मसाज ऑयल के लिए नया डीवीसी (डिजिटल वीडियो विज्ञापन) जारी किया है जो बचपन के शुरुआती दौर पर एक ताजगी भरा दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है और माता-पिता को याद दिलाता है कि शिशु होना जितना आसान दिखता है, उससे कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है. हिमालया वेलनेस कंपनी के बेबीकेयर निदेशक एनवी चक्रवर्ती ने कहा हिमालया बेबीकेयर में, हम मानते हैं कि एक शिशु का विकास देखभाल और जुड़ाव के उन रोज़मर्रा के क्षणों से आकार लेता है जिनका वह अनुभव करता है. इस डीवीसी के माध्यम से, हमारा उद्देश्य माता-पिता के स्पर्श की शक्ति का उत्सव मनाना और इस बात को दिखाना था कि दैनिक मालिश जैसी सरल और नियमित आदतें शिशु की ताकत और सर्वांगीण विकास में कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं. समय की कसौटी पर खरे उतरे प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से समृद्ध हमारे बेबी मसाज ऑयल के साथ, हम अपने शिशु के स्वस्थ विकास के लिए सौम्य, सुरक्षित और प्रभावी समाधान प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हैं.

# जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 को मिल रही गति

### डगवेल रिचार्ज से कुओं को मिलेगा नया जीवन

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर जिले के जनपद पंचायत भाबरा अंतर्गत ग्राम पंचायत रिंगोल में जल संरक्षण की दिशा को गति दी जा रही है। कलेक्टर नीतू माथुर के मार्गदर्शन में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत 'डगवेल रिचार्ज स्ट्रक्चर' का निर्माण कर कुओं को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया जा रहा है।



इस अभियान के अंतर्गत ग्राम रिंगोल के लाड़ी वारिया फलिया निवासी रणछोड़ भारता के खेत पर डगवेल रिचार्ज संरचना का निर्माण मनरेगा योजना के माध्यम से किया गया है। इससे वर्षा जल के बेहतर संचयन में सहायता मिलेगी, जिससे भूजल स्तर में वृद्धि के साथ-साथ आसपास के जल स्रोतों में भी सुधार देखने को मिलेगा।

इस पहल से न केवल वर्तमान में जल संकट को कम करने में सहायता मिलेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक मजबूत कदम है।